कोटा में कांग्रेस के प्रदर्शन में राज्य सरकार के खिलाफ जमकर बरसे कांग्रेसी नेता

कोटा, (निसं)। नीट यूजी परीक्षा, कानून-व्यवस्था, बिजली पानी समेत अन्य कई मुद्दों को लेकर सोमवार को कांग्रेस ने कोटा में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन से पहले सर्किट हाउस पर सभा आयोजित की गई जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और राज्य विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली शामिल हुए।

सभा के बाद प्रदर्शन के लिए कांग्रेसी नेता कलेक्ट्रेट पहुंचे जिनका नेतृत्व पार्टी नेता प्रहलाद गुंजल और हिंडोली विधायक व पूर्व मंत्री अशोक चांदना ने किया। कलेक्टर चौराहे पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस एसटीएफ सहित आरएसी की कंपनियां तैनात थी। जहां प्रहलाद गुंजल और अशोक चांदना के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ता पुलिस से भिड़ गए। करीब 5 मिनट तक चली इस मशक्कत में पुलिस ने वॉटर कैनन का उपयोग करते हुए भीड़ को खदेड़ने का प्रयास किया लेकिन फिर भी भीड़ चौराहे से नहीं हटी। उसके बाद पुलिस ने प्रहलाद गुंजल, अशोक चांदना, प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष राखी गौतम सहित कई अन्य नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले डोटासरा ने सर्किट हॉऊस के बाहर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कोटा आईजी कानून के हिसाब से काम करो। ओम बिरला व सीएम भजनलाल नहीं बचा पाएंगे। हमारा कुछ नहीं बिगड़ेगा। कार्यकर्ताओं पर ज्यादती नहीं रुकी तो घुटनों के बल नहीं चलाया तो मेरा नाम भी गोविंद डोटासरा नहीं। उन्होंने कहा कि बीजेपी के 6 माह के कार्यकाल में रेप के 2875 मामले सामने आ चुके हैं। एससी एसटी गरीबों के खिलाफ अत्याचार बढ़े हैं। डोटासरा ने कहा कि प्रहलाद गुंजल ने मजबूती से चुनाव लड़ा है।

कोटा में राज्य सरकार के खिलाफ कांग्रेस के प्रदर्शन में प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन चलाई गई।

सब कहने लगे थे कि ओम बिरला चुनाव हार रहे हैं। लेकिन चुनाव के दो दिन पहले जिस प्रकार सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग हुआ। बस उसी से वह दिल्ली जा पाए। नहीं तो वह मंडी की दुकान पर बैठे मिल जाते। इस दौरान पीसीसी चीफ डोटासरा ने शिक्षा मंत्री मदद दिलावर को नमूना बताया। उन्होंने कहा कि ये माइग्रेट होकर कहां से आया है। जिस पर 14 मामले है, तोंद बढ़ा ली है। पिछली सरकार में इन्हें समाज कलंक मंत्री के नाम से पुकारते थे। ये आरएसएस से सीख कर आया है। झूठ बोलो, बार-बार बोलो, जोर-जोर से बोलो। मेरी सीएम भजनलाल से मांग है कि अनपढ़ व विकलांग मानसिकता वाले मंत्री मदन दिलावर का इस्तीफा लें। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि कार्यकर्ताओं को नाजायज परेशान करने वाले अधिकारियों की विधानसभा में पेशी करवाऊंगा। पूर्व मंत्री व विधायक अशोक चांदना ने कहा कि समय से पहले प्रशासन को चेताना चाहते हैं कि अगर लीपा-पोती के कारण फसलें सूखी तो किसान बिजली मंत्री व सरकार को माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि हाड़ौती में लगातार दमन हो रहा है।

मंत्री मदन दिलावर की आदिवासियों पर दिए गए बयान को लेकर अशोक चांदना ने कहा कि आदिवासियों के हाथ लग गए तो मदन दिलावर क्रा डीएनए चेक कर देंगे। प्रहलाद गुंजल ने नीट में हुई धांधली को लेकर कहा कि लाखों स्टूडेंट्स के गुनहगार भारत की सरकार है। गुंजल ने कहा कि हाड़ौती संभाग से बीजेपी सरकार के खिलाफ शंखनाद किया है। पूरे 5 साल तक कांग्रेस कार्यकर्ता सरकार की नींद हराम कर देगा। इस प्रदर्शन में कोटा उत्तर से विधायक व पूर्व मंत्री शांति धारीवाल और पूर्व विधायक भरत सिंह शामिल नहीं हुए। जबकि इसमें कोटा-बूंदी सीट से आने वाले सभी नेता शामिल हुए थे। प्रदर्शन में हिस्सा लेने वाले नेताओं में मुख्य तौर पर कोटा जिला अध्यक्ष रविंद्र त्यागी, देहात जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, बूंदी जिला अध्यक्ष और विधायक सीएल प्रेमी, पीपल्दा विधायक चेतन पटेल, बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, पूर्व सांसद रामनारायण मीणा, लाड़पुरा प्रधान नईमुद्दीन गुड्डू सहित कई नेता मौजूद रहे।

कोटा की महिला क्रिकेट खिलाड़ियों का सम्मान

कोटा, (निसं)। यूनाइटेड क्रिकेट अकेडमी कोटा के युवा क्रिकेट खिलाड़ियों द्वारा राजस्थान महिला टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली कोटा की महिला क्रिकेट खिलाडियों का सम्मान किया गया। कोटा अंडर 14 क्रिकेट टीम और कोटा यूनाइटेड क्रिकेट अकेडमी के हेड कोच रघु राजावत ने बताया कि राजस्थान की महिला क्रिकेट टीम में अलग-अलग आयु वर्ग में टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली कोटा की युवा महिला क्रिकेट खिलाड़ी विजेता चौहान, साक्षी यादव तथा आयुषी वर्मा का अकेडमी के युवा क्रिकेट खिलाडियों ने माला पहनाकर सम्मान किया व् उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट किये। इस अवसर पर कोटा यूनाइटेड क्रिकेट अकेडमी बनाम केआरसीसी के मध्य क्रिकेट मैच का भी आयोजन किया गया। जिसमें कोटा यूनाइटेड क्रिकेट अकेडमी ने केआरसीसी एकेडमी को एक विकेट से हरा दिया। इस मैच में केआरसीसी टीम ने 8 विकेट के नुकसान पर 186 रनों का स्कोर बनाया जिसे कोटा यूनाइटेड टीम ने 9 विकेट के नुकसान पर 188 रन बनाकर हासिल कर लिया तथा एक विकेट से रोमांचक जीत दर्ज कर ली। कोटा यूनाइटेड टीम की और से सिमरजीत, आकाश ने 2-2 विकेट लिये व भव्य ने शानदार 54 रन बनाये। रघु राजावत ने बताया कि इस दौरान मित्तल इंटरनेशनल स्कूल के चीफ एडमिनिस्ट्रेटर अजय मुखर्जी, कोटा यूनाइटेड क्रिकेट अकेडमी के टेक्निकल डायरेक्टर रिजवान खान, संयोजक हरीश मालव सहित युवा क्रिकेट खिलाड़ी मौजूद रहे।

कमल महिला विकास समिति ने पौधे रोपे

कोटा, (निसं)। कमल महिला विकास समिति द्वारा आरकेपुरम-डी मार्ट के सामने पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम संयोजिका संतोष शर्मा ने कहा कि समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए कोटा महानगर में गुलमोहर, शीशम के पौधे रोपित कर शुरुआत की है। संस्था की अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने बताया कि वृक्षारोपण अभियान अनवरत चलता रहेगा तथा जो पौधों को लगाने और पूरी देखभाल करेगा संस्था द्वारा एक वर्ष बाद उन जिम्मेदार नागरिकों का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर अंजना दीक्षित, गायत्री गौतम, किरण शर्मा, सुनीता भाल, कृष्णा खंडेलवाल, सावित्री गुप्ता, रेणु आजाद, कमला राठौड़, सुधा सोनी, दीप्ति सिंघल, रेखा गोयल, नीना साहनी, इत्यादि पदाधिकारी उपस्थित रही।

रोटरी क्लब पद्मिनी को 12 पुरस्कार मिले

कोटा, (निसं)। रोटरी क्लब पद्मिनी का प्रदर्शन एक बार पुन: सर्वश्रेष्ठ रहा है। रोटरी क्लब पद्मिनी ने वार्षिक अवार्ड सेरेमनी में 12 पदक अपने नाम हासिल किए है। भीलवाडा में वार्षिक पुरस्कार समारोह में यह पदक क्लब की अध्यक्ष सुषमा बंसल एवं सचिव दीप्ति राजावत ने डिस्ट्रक गवर्नर डॉ. निर्मल कुणावत से प्राप्त किए। अध्यक्ष बंसल ने इस अवार्ड सेरेमनी में प्राप्त पुरस्कारों का श्रेय टीम भावना को बताया। उन्होने कहा कि पूरी पद्मिनी की टीम ने मिलकर कार्य किया इसलिए श्रेष्ठ 12 पुरस्कार क्लब हासिल कर सका। सचिव दीप्ति राजावत ने बताया कि क्लब ने सर्वश्रेष्ठ क्लब में रजत, सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष कांस्य, सर्वश्रेष्ठ सचिव स्वर्ण, उत्कृष्ट महिला रोटेरियन स्वर्ण, सर्वश्रेष्ठ खुशहाल स्कूल गतिविधि स्वर्ण, सर्वश्रेष्ठ बाल विकास गतिविधि स्वर्ण, सर्वश्रेष्ठ वयस्क साक्षरता गतिविधि स्वर्ण का पुरस्कार प्राप्त किया। में व्यक्तिगत और क्लब पुरस्कारों की विभिन्न श्रेणियों को शामिल किया गया, जिन्हें सावधानीपूर्वक जिला और डीजी पुरस्कारों में वर्गीकृत किया गया।

मधुवन मल्टीस्पेशिल्टी हॉस्पिटल आकाशवाणी में कोटा संभाग की डेंटल इलाज में अपनाई जाने वाली अत्याधुनिक टेक्निक से इस पद्धति पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में 45 डेंटल डॉक्टरों ने भाग लिया। कार्यशाला को दिल्ली से आए डॉक्टर अगम भटनागर ने सिल सिलेवार नवीनतम इलाज पर लेक्चर दिया। कार्यशाला का प्रारम्भ मुख्य अतिथि डॉक्टर अर्चना सक्सेना ने माँ शारदा के दीप प्रज्वलित कर पूजा उपरांत कायर्शाला का उद्घाटन किया। संस्था के संचालक डॉक्टर विवेक सक्सेना एवं डॉक्टर दीपिका जौहरी ने अध्यक्षता की तथा डॉक्टर वर्षा साधवानी एवं वीरेंद्र गुप्ता (मनी कंपनी) ने सफलतापूर्वक संचालन किया। संस्था के चैयरमेन पवन कुमार सक्सेना ने कार्यशाला में उपस्थित रहे डॉक्टर को सर्टिफिकेट प्रदान कर अभिवादन किया।

कोटा विकास प्राधिकरण ने खाली भूखण्डधारियों को आवश्यक निर्देश दिये

कोटा, (निसं)। नगर विकास न्यास कोटा द्वारा आवंटित/नीलामी में आवंटित किये गये भूखण्डों जिन पर निर्माण नही होना पाया गया है। उक्त भूखण्डों के भूखण्डधारियों को मानसून को देखते हुए निर्देशित किया जा रहा है। कि वह अपने रिक्त भूखण्डों पर निम्न कार्य करवाना सुनिश्चित करें आवंटित/नीलाम रिक्त भूखण्ड पर पानी नही भरा होवें यदि भरता है तो उसकी उचित निकासी की व्यवस्था को सुनिश्चित करें, रिक्त भूखण्ड पर किसी भी प्रकार का अनावश्यक कचरा संग्रह न हो, इनकी भी सुनिश्चिता रखें, मौसमी बीमारियों को देखते हुऐ रिक्त भूखण्डों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये एवं उनमें कचरा इकट्ठा ना हो इसे भी सुनिश्चित करें, सभी रिक्त भूखण्डधारियों को निर्देशित किया जाता है कि आवंटित भूखण्डों पर निर्धारित समयावधि पर निर्माण कार्य करवाया जाना सुनिश्चित करे।

अन्यथा आवंटन पत्र की शर्तो के अनुसार कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं भूखण्डधारी की होगी। उक्त की पूर्ति के अभाव में न्यास द्वारा समय-समय पर सूचना पत्रों एवं अन्य माध्यमों से भी भूखण्डधारियों को पूर्व में सूचित किया जाता रहा है।

विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

- जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को पौधारोपण के लिए कार्य योजना बनाने को कहा

कोटा, (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ रविंद्र गोस्वामी ने शहरी क्षेत्र में सघन पौधारोपण अभियान के लिए अर्बन फॉरेस्ट एवं क्लस्टर पार्क व घरों में पौधा वितरण की योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को पौधारोपण के लिए कार्य योजना बनाने को कहा।

डॉ.गोस्वामी सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं अंतर विभागीय समन्वय की बैठक को संबोधित कर रहे थे। कलक्टर ने 25 जून को प्रस्तावित राज्यपाल के कार्यक्रम, 29 जून को रोजगार उत्सव एवं आगामी मॉनसून को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, मेडिकल कॉलेज, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी एवं बिजली विभाग को मुख्य रूप से जिम्मेदारी दी।

उन्होंने 29 जून को होने वाले रोजगार उत्सव के लिए विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम को निर्देश दिए कि सभी नालों की सफाई कराना सुनिश्चित करें। नगर निगम आयुक्त उत्तर व दक्षिण को निर्देश दिए कि वे सप्ताह में एक बार विभिन्न रसोइयों का निरीक्षण करें एवं प्रत्येक अन्नपूर्णा रसोई पर नोडल अधिकारी नियुक्त करें।

जर्जर स्कूल बिल्डिंग चिन्हित करें:- उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि प्रत्येक राजकीय विद्यालय की जर्जर बिल्डिंग को चिन्हित किया जाए एवं सुनिश्चित करें कि बारिश में छात्रों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि भारी बारिश एवं जल भराव से किसी क्षेत्र में विद्यालय तक पहुंचने में छात्रों को परेशानी होती है तो सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए औपचारिकता में समय व्यर्थ किये बिना अधिकारी स्वयं के स्तर पर तत्परता से उचित निर्णय लें।

एंटी लार्वा एक्टिविटी बढ़ाएं:- डॉ.गोस्वामी ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि बारिश को देखते हुए मौसमी बीमारी से बचाव के लिए एंटी लार्वा एक्टिविटी एवं जागरुकता बढ़ाने के कार्यक्रम किए जाएं। उन्होंने कहा महिला एवं बाल विकास विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा-शिक्षा विभाग सीएसआर के माध्यम से होने वाले कार्यों का विस्तार पूर्वक प्रपोजल बनाकर भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को प्रत्येक सोमवार को कार्यालय का निरीक्षण कर ई-फाइलिंग, स्वच्छता, अनुपयोगी समान का निस्तारण, टंकियों, कूलर की सफाई करने के लिए पाबंद किया। उन्होंने विभाग में भविष्य के संभावित परिदृश्यों की योजना बनाने के निर्देश दिऐं। कलक्टर ने मानसून के लिए विशेष कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए और कहा कि प्रत्येक शिकायत का न्यूनतम समय में संतोषजनक निस्तारण किया जाऐं। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद अशोक त्यागी, नगर निगम आयुक्त उत्तर अनुराग भार्गव, दक्षिण सरिता, केडीए सचिव कुशल कोठारी, सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कार्य के चलते वाया कोटा, उदयपुर सिटी-शालीमार एक्सप्रेस एक ट्रिप निरस्त रहेगी

कोटा, (निसं)। दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा खड़गपुर मण्डल पर आन्दुल स्टेशन पर अधोसंरचना कार्य के लिए नॉन इण्टरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के कारण कोटा होकर जाने वाली

- खड़गपुर मण्डल पर आन्दुल स्टेशन पर अधोसंरचना कार्य के लिए नॉन इण्टरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है

उदयपुर सिटी-शालीमार-उदयपुर सिटी दोनों दिशा में एक ट्रिप अपने प्रारम्भिक स्टेशन से निरस्त रहेगी जो इस प्रकार है- गाड़ी संख्या 20971, उदयपुर सिटी-शालीमार एक्सप्रेस 06 जुलाई को निरस्त रहेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 20972, शालीमार-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस दिनांक 07 जुलाई को निरस्त रहेगी। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जनसम्पर्क अधिकारी-कोटा रोहित मालवीय ने बताया कि सर्व-संबधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, एनटीईएस, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

कोटा में पूर्व छात्रों का 'मिलाप' कार्यक्रम

कोटा, (निसं)। महावीर नगर स्थित एलबीएस कैम्पस में पूर्व छात्रों का स्नेह मिलन "मिलाप" आयोजित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष कुलदीप माथुर ने बताया की हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी स्नेह मिलन "मिलाप" का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में अतिथि नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी कोटा के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला, विधायक कोटा दक्षिण संदीप शर्मा व नगर निगम दक्षिण के नेता प्रतिपक्ष डॉ. विवेक राजवंशी ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया ।कार्यक्रम के दौरान अतिथि देवों भव: की परम्परा से सभी अतिथियों व सभी विद्यार्थियों का स्वागत कुम-कुम तिलक लगाकर अभिनंदन किया। अतिथियों का संस्थान के चेयरमैन कुलदीप माथुर ने माला, साफा पहनाकर तथा शॉल व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। राजेश कृष्ण बिरला ने कहा कि "मिलाप" कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ही यह है कि इतने वर्षों में विद्यार्थी एलबीएस से पास होकर अलग-अलग क्षेत्रों में बहुत नाम कमाये हैं और एलबीएस का नाम रौशन किया है। मैं सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देता हूँ। संदीप शर्मा जी ने कहा सबसे पहले मैं इस महत्वपूर्ण अवसर पर मुझे आमंत्रित करने के लिए आयोजकों का धन्यवाद करना चाहूंगा। यहाँ आकर मैं अत्यंत प्रसन्न और गर्व महसूस कर रहा हूँ। विद्यार्थियों आप सभी ने कठिन परिश्रम और लगन से अपनी पढ़ाई पूरी की है और आज इस समारोह में सम्मानित होने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह समय आपके अतीत की उपलब्धियों को स्वीकार करने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होने का है।

कोटा एलबीएस स्कूल में आयोजित 'मिलाप' कार्यक्रम में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, राजेश बिरला, विवेक राजवंशी और कुलदीप माथुर मौजूद रहे।

विवेक राजवंशी जी ने कहा कि शिक्षा का महत्व केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन को बेहतर बनाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम भी है। आपकी शिक्षा न केवल आपके व्यक्तिगत विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह समाज, देश और दुनिया के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।कार्यक्रम में अन्य अतिथि के रूप मे जगदिश जिंदल, महेद्र शर्मा, सोनू गोतम एवं अन्य उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष माथुर ने कहा कि मिलन समारोह का उद्देश्य केवल एक.दूसरे से मिलना ही नहीं है बल्कि यह एक ऐसा मंच है जहाँ हम अपने विचारों का आदान-प्रदान कर सकते है। अपने अनुभवों को साझा कर सकते हैं और एक.दूसरे से नई.नई बातें सीख सकते हैं। यह अवसर हमें एकजुटता की भावना को मजबूत करने का मौका देता है और यह सुनिश्चित करता है कि हम सब एक दूसरे के साथ खड़े रहें और एक.दूसरे का सहयोग करें। विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां भी दी। सभी ने जोरदार तालियों से इनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में संस्था के सचिव उर्मिला माथुर डायरेक्टर योगेंद्र माथुर दीपक खत्री नितिन सिन्हा, अनिल नामदेव, आयुष, चेतन दूबे, ध्रमेन्द्र, सुरेन्द नागर, नरेन्द्र शर्मा एवं अन्य अतिथि व विद्यार्थियों के साथ शिक्षगण उपस्थित रहे।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम कपिल कुमार टहिलियानी से बदलकर नया नाम कपिल टहिलियानी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-कपिल टहिलियानी पुत्र महेश कुमार E 96 श्रीनाथपुरम कोटा

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम अब्बास भाई युसुफ अली से बदलकर नया नाम अब्बास भाई रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-अब्बास भाई पुत्र युसुफ अली कुरबान हुसैन 130 शोपिंग सेन्टर फर्नीचर मार्केट कोटा

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम GURYASH PAL SINGH से बदलकर नया नाम GURUYASH PAL SINGH रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-गुरुयाश पाल सिंह पुत्र सुरेन्द्र पाल सिंह चित्रा ब्यूटी पार्लर छावनी कोटा

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम SUSHANT TEHALYANI से बदलकर नया नाम SUSHANT TAHILIANI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-सुशांत टहिलियानी पुत्र रतन टेहलयानी कृष्णा कालोनी हास्पिटल रोड बारां

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम NILAM GUPTA से बदलकर नया नाम NEELAM GUPTA रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-नीलम गुप्ता पत्नी प्रमोद कुमार गुप्ता 130 रजत गृह कालोनी नैनवां रोड बूंदी

खोया-पाया

मेरे मकान संख्या 1-B-1 महावीर नगर विस्तार योजना का मूल इन्वेन्ट्री, डिक्लरेशन एवं अदेय प्रमाण पत्र कही खो गए है।
सम्पर्क
पम्मी देवी
मो. 7014858210

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक: एफ 7/डी.टी.पी./2024/Rajkaj Ref/8036181 **विज्ञप्ति** दि. 18.6.2024

राज्य सरकार द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन के बनाये गए नियमों/ प्रपत्रों के अन्तर्गत एवं राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के क्रम में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भू-उपयोग परिवर्तन प्रकरण, भू-उपयोग परिवर्तन करने हेतु न्यास मे विचाराधीन है, जिसकी विस्तृत जानकारी निम्नानुसार है, के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस मे न्यास कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जा सकेगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	भूखण्ड/खसरा सं. व योजना/ ग्राम का नाम	योजना/मास्टर प्लान अनुसार भू-उपयोग	प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन	क्षेत्रफल (वर्गमीटर मे)
1.	श्री अर्जुनसिंह कुशवाहा पुत्र श्री नाथूलाल कुशवाहा एवं श्रीमति रश्मि देवी पत्नि श्री अर्जुन सिंह कुशवाहा	भूखण्ड संख्या 4, श्रीराम नगर ग्राम बोरखेड़ा, कोटा	योजना अनुसार आवासीय, मास्टर प्लान अनुसार मिश्रित	सामान्य व्यवसायिक	724.90

सचिव नगर विकास न्यास, कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त कोटा

क्रमांक-2424 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 24.6.24

आवास संख्या 6-डी-31 महावीर नगर विस्तार, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री लक्ष्मीनारायण पुत्र श्री कन्हैया लाल को किया गया था। श्री लक्ष्मीनारायण की मृत्यु दिनांक 12.07.1998 को हो जाने के कारण इस आवास का हस्तान्तरण/प्रतिस्थापन मृतक की पत्नी श्रीमती अरूणा देवी के नाम दिनांक 04.11.1999 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती अरूणा देवी पत्नी स्व.श्री लक्ष्मीनारायण द्वारा दिनांक 08.03.2000 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। पंजीयन पश्चात श्रीमती अरूणा देवी पत्नी स्व.श्री लक्ष्मीनारायण द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 28.08.2004 को श्रीमती सुनीता गोयल पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार गोयल को किया गया। तत्पश्चात सुनीता गोयल पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार गोयल द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 27.05.2016 को श्री गजेन्द्र प्रसाद शर्मा पुत्र श्री कन्हैया लाल शर्मा को किया गया। श्री गजेन्द्र प्रसाद शर्मा पुत्र श्री कन्हैया लाल शर्मा का नाम आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर दिनांक 07.12.2019 को दर्ज किया जा चुका है। तत्पश्चात श्री गजेन्द्र प्रसाद शर्मा पुत्र श्री कन्हैया लाल शर्मा द्वारा उक्त आवास का दान जरीये उपहार पत्र आलेखित कर दिनांक 24.04.2024 को श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा पुत्र श्री कन्हैया लाल शर्मा को किया गया। श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा पुत्र श्री कन्हैया लाल शर्मा द्वारा उपहार पत्र के आधार पर उक्त आवास के अभिलेख में अपना नाम दर्ज करने हेतु कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: इस आवास के अभिलेख में श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा पुत्र श्री कन्हैया लाल शर्मा का नाम दर्ज करनें में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास के अभिलेख में श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा पुत्र श्री कन्हैया लाल शर्मा का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के अभिलेख में श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा पुत्र श्री कन्हैया लाल शर्मा का नाम दर्ज कर दिया जावेगा। उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 2425 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 24.6.24

आवास संख्या 1-ई-34 तलवण्डी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्रीमती रजनी गुप्ता पत्नी श्री राम नरेश गुप्ता को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्रीमती रजनी गुप्ता पत्नी श्री राम नरेश गुप्ता द्वारा दिनांक 15.07.1991 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत पूर्व में श्रीमती रजनी गुप्ता पत्नी श्री राम नरेश गुप्ता द्वारा इस आवास से संबंधित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 06.09.1988 को मुख्तारनामा आम आलेखित कर श्री कैलाश चन्द्र गुप्ता पुत्र श्री राम कुवार गुप्ता को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया गया। श्रीमती रजनी गुप्ता पत्नी श्री राम नरेश गुप्ता मुख्तार आम श्री कैलाश चन्द्र गुप्ता पुत्र श्री राम कुवार गुप्ता द्वारा मुख्तारआम धारक की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 30.10.1992 को श्रीमती रुकमणी बाई पत्नी श्री राम कुमार को किया गया। श्रीमती रुकमणी बाई पत्नी श्री राम कुमार द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 04.09.1995 को श्री रामविलास गुप्ता पुत्र श्री मोती लाल गुप्ता को किया गया। श्री रामविलास गुप्ता पुत्र श्री मोती लाल गुप्ता द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 27.08.1996 को श्रीमती नमिता मुखर्जी पत्नी श्री निखिल मुखर्जी व श्री निखिल मुखर्जी पुत्र श्री आर.सी. मुखर्जी को संयुक्त रुप से किया गया। श्रीमती नमिता मुखर्जी पत्नी श्री निखिल मुखर्जी व श्री निखिल मुखर्जी पुत्र श्री आर.सी. मुखर्जी द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 13.08.2004 को श्री नीलकंठ मेवाडा पुत्र स्व. श्री मोहनलाल मेवाडा को किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री नीलकंठ मेवाडा पुत्र स्व. श्री मोहन लाल मेवाडा की मृत्यु दिनांक 03.05.2021 को व इनकी पत्नी श्रीमती संतोष मेवाडा की मृत्यु दिनांक 10.11.2022 को हो चुकी है। श्री नीलकंठ मेवाडा पुत्र स्व. श्री मोहन लाल मेवाडा द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 27.01.2022 को श्रीमती अंजनी मेवाडा पत्नी श्री अविनाश सरोंजा के पक्ष में आलेखित की गई। श्रीमती अंजनी मेवाडा पत्नी श्री अविनाश सरोंजा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास संख्या 1-ई-34 तलवण्डी कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयतनामा के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयतनामा के आधार पर श्रीमती अंजनी मेवाडा पत्नी श्री अविनाश सरोंजा के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती अंजनी मेवाडा पत्नी श्री अविनाश सरोंजा के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती अंजनी मेवाडा पत्नी श्री अविनाश सरोंजा के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

कार्यालय नगर परिषद बारां जिला बारां (राज.)

भू-उपयोग परिवर्तन विज्ञप्ति

नगरीय विकास विभाग की समय समय पर जारी परिपत्र/अधिसूचना के तहत बनाये गये राजस्थान नगरीय क्षेत्र (भू उपयोग परिवर्तन नियम) के अन्तर्गत सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निम्न प्रकरण का भू-उपयोग परिवर्तन हेतु जिला स्तरीय/राज्य स्तरीय भू उपयोग परिवर्तन समिति में रखा जाना प्रस्तावित हैं। उक्त भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में नगर परिषद कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम खसरा नं.	मास्टर प्लान में भू-उपयोग	प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन	क्षेत्रफल	विशेष विवरण
1.	माया देवी पत्नी श्री रामरतन कसेरा जाति ठठेरा निवासी गिरधर गोपाल जी की गली